BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही **दिनांक-24.03.2025**

◆थाना ज्ञानपुर अन्तर्गत थ्रेसर मशीन चोरी की घटना का सफल अनावरण

◆चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 02 शातिर चोर चढे पुलिस के हत्थे

◆अभियुक्तों के निशानदेही पर थानीपुर जन सेवा केंद्र के पीछे छुपा कर रखी हुई चोरी की थ्रेसर मशीन बरामद

◆थ्रेसर मशीन पर दूसरे रंग का पेंट कर बिक्री करने के फिराक में थे आरोपी

◆आरोपियों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की, की जा रही जांच

दिनांक-22.03.2025 को सूचनाकर्ता श्री लालचन्द्र यादव निवासी मवैया हरदोपट्टी थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही द्वारा थाना ज्ञानपुर पर सूचना दिया गया कि ग्राम अक्षयवर नहर के पास विश्वकर्मा आयरन वर्कशॉप में रखे थ्रेसर मशीन को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मु0अ0सं0-63/2025 धारा-303(2) भा.न्या.सं. का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-24.03.2025 को थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर थ्रेसर मशीन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों-राकेश कुमार गौतम पुत्र हरिशंकर निवासी ग्राम थानी थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 38 वर्ष व सूरज यादव उर्फ बादल पुत्र उमाशंकर यादव निवासी लालापुर जखांव थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के निशानदेही पर ग्राम थानीपुर जनसेवा केंद्र के पीछे छुपा कर रखा हुआ चोरी का थ्रेसर मशीन बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उक्त थ्रेसर मशीन को उनके द्वारा दिनांक 21/22.03.2025 की रात्रि में ग्राम अक्षवर नहर के पास आयरन वर्कशाप से चोरी करके जन सेवा केंद्र के पीछे छुपा कर रखा गया था। थ्रेशर मशीन पर दूसरे रंग का पेंट करके बेचने के फिराक में थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण करते हुए पंजीकृत अभियोग में धारा-317(2) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता

की जांच की जा रही है। गिरोह में शामिल अभियुक्तों के अन्य साथी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1.राकेश कुमार गौतम पुत्र हरिशंकर निवासी ग्राम थानी थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 38 वर्ष

2.सूरज यादव उर्फ बादल पुत्र उमाशंकर यादव निवासी लालापुर जखांव थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 24 वर्ष

बरामदगी-

चोरी की थ्रेसर मशीन

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

उ0नि0 रामधनी यादव, उ0नि0 अर्जुन यादव, आरक्षी अरुण कुमार व आरक्षी अमित कुमार थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही